**Regarding the demand for making operational of the Mauaima mining mill in Phulpur Parliamentary Constituency**

श्री प्रवीण पटेल **(**फूलपुर**) :** सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान मऊआइमा कताई मिल की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । महोदया, हमारे फूलपुर संसदीय क्षेत्र के सोरांव में मऊआइमा कताई मिल स्थित है, जो कि पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी हुई है । इसकी करीब 200 एकड़ जमीन ऐसे ही खाली पड़ी हुई है । वहां मशीनें रखी हुई हैं । उसमें सरकार का बहुत पैसा लगा हुआ है और उसका लाभ उस क्षेत्र को नहीं मिल पा रहा है ।

महोदया, आपके माध्यम से हम मांग करते हैं कि मऊआइमा कताई मिल को जल्द से जल्द चालू किया जाए, जिससे वहां के लोगों के लिए रोजगार सृजन हो सके ।